# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा 1562 पैकेट पटाखा व लाइटर पटाखा (एक बण्डल) में, दो बोरे व तीन गत्ते में अवैध पटाखों के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यावाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष चिल्हिया पवन कुमार मौर्य के कुशल नेतृत्व में दिनांक 05/06.09.26 की रात्रि में थानाक्षेत्र चिल्हिया के बरगदवा चौराहा के पास 01 अभियुक्त को 1562 पैकेट पटाखा व लाइटर पटाखा में, दो बोरे व तीन गत्ते में बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना चिल्हिया पर मु0अ0सं0 90/2026 धारा 9(बी) विस्फोटक अधिनियम मे अभियोग पंजीकृत किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**
01.मो0 मुस्तफा पुत्र स्व0 मो0 रफीक निवासी कन्दवा बाजार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी का विवरण:-**
1562 पैकेट अवैध पटाखा व लाइटर पटाखा (एक बण्डल) में, दो बोरे व तीन गत्ते में।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**
01.उ0नि0 विन्ध्याचल प्रसाद
02.हे0का0 अमृत नायक
03.आरक्षी हिमांशु तिवारी, दीपेन्द्र वर्मा, अजय कुमार, अमित कुमार आजाद

## प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆इंडो नेपाल बॉर्डर लीलाडिहवा पर ऑपरेशन कवच व सुरक्षा व्यवस्था के तहत थाना मोहाना पुलिस व SSB झंगटी टीम द्वारा संयुक्त रूप से पैदल गस्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में प्रशांत कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर एवं जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 06.09.2026 को इंडो नेपाल बॉर्डर लीलाडिहवा पर ऑपरेशन कवच के अंतर्गत रोकथाम तस्करी के तहत पेट्रोलिंग SSB SI सा0 रविकांत मय टीम, व पुलिस चौकी प्रभारी ककरहवा SI अशोक कुमार, HC आत्मानन्द यादव, HC उमेश कुमार का0 अनुराग तिवारी के साथ संयुक्त रूप से भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गस्त/चेकिंग किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना शिवनगर डिडई मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- पतेड़वा में मिशन शक्ति व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 06.09.2026 थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के ग्राम- पतेड़वा में महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व  सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम-**

1.उ0नि0 जयप्रकाश पाण्डेय

2.म0का0 प्रतिमा दूबे

# प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना चिल्हिया की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम साहा में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 06/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष पवन कुमार मौर्य थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना चिल्हिया की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम साहा में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

1. उ0नि0 राम सजन
2. हे0का0 राजन कुमार
3. म0का0 मनिता
4. म0का0 नीलू

## **प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆ **थाना मोहाना पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा व्यक्ति को तलाश कर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द, परिजनों द्वारा थाना मोहाना पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।**

डॉ0 अभिषेक महाजन , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना मय टीम द्वारा दिनांक 05.09.2026 को आवेदक प्रहलाद वर्मा पुत्र चुन्नी लाल वर्मा निवासी मोहाना चौक थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अपने चचेरे भाई जोगिन्दर वर्मा पुत्र मुन्नीलाल वर्मा निवासी मोहाना चौक थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के दिनांक 05.09.2026 को समय करीब 14:00 बजे घर पर बिना बताये कहीं चले जाने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर सूचना दी गयी थी, प्राप्त सूचना पर थाना मोहाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए, आज दिनांक 06.09.2026 को गुमशुदा जोगिन्दर वर्मा को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामद गुमशुदा व्यक्ति से पूछताछ कर, आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर सकुशल उनके परिजनों को नियमानुसार सुपुर्द किया गया। गुमशुदा व्यक्ति के सकुशल वापस मिलने पर परिजनों द्वारा थाना मोहाना पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

**टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना

2.उ0नि0 श्री खुशीलाल शर्मा, थाना मोहाना, जनपद सिद्धार्थनगर

3.मुख्य आरक्षी भूपेंद्र सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत जनपद के भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 06.09.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के कमला मार्केट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड बांसी स्टैंड, उद्यान पार्क, बुद्धा पार्क, पुरानी नौगढ, मधुकरपुर, सनई थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही ।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्या

02.महिला आरक्षी नेहा सिंह एंटी रोमियो स्क्वाड

## प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आपरेशन कवच के तहत एसएसबी सीमा चौकी बढ़नी पर एसएसबी व इंडो नेपाल सीमावर्ती ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण मे मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आज दिनांक 06.09.2026 को थानाक्षेत्र ढेबरुआ अन्तर्गत एसएसबी सीमा चौकी बढ़नी पर एसएसबी व इंडो नेपाल सीमावर्ती ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर ऑपरेशन कवच के उद्देश्यो से अवगत कराया गया तथा किसी भी अवैध गतिविधियों इत्यादि के सम्बंध में तुरन्त सूचना देने हेतु बताया गया। मीटिंग के दौरान साइबर अपराध के सम्बन्ध में भी चर्चा करते हुए उससे बचाव के बारे में बताया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कवच, चौकी प्रभारी बढ़नी तथा सर्विलांस टीम व  एसएसबी के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रेस नोट दिनाँक 06/09/2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना शोहरतगढ़ की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र विभिन्न स्थानों पर जाकर महिलाओं/बलिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 06.09.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जाकर महिलाओं/बलिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

## प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग की गई और ग्राम अतरमु नानकार में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा "महिला सशक्तिकरण एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 06/09/2026 को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टीरोमियो चेकिंग की गई और ग्राम अतरमु नानकार में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। महिलाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में तथा हेल्पलाईन नं0 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन,
1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी |

**मिशन शक्ति टीम-**

1.उ0नि0 दीनदयाल सिंह
2.उ0नि0 रामनाथ यादव
3.का0 मनीष वर्मा
4.म0का0 बबिता सिंह
5.म0का0 श्वेता सोनी

## प्रेस नोट दिनाँक 06/09/2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गुलहरिया की महिलाओं/बलिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व प्रवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 06/09/2026 रामदेव थानाध्यक्ष मिश्रौलिया के नेतृत्व मे थाना क्षेत्र के ग्राम गुलहरिया की महिलाओं/बलिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज  करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति जागरूकता टीम-**

1.उ0नि0 बबुना यादव
2.हे0 का0 तेज प्रकाश मौर्य
3.म0आ0 नीलम
4.रि0म0आ0 कीर्ति

## प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5(ii) अभियान, नारी सुरक्षा, साइबर जागरूकता, बेटी बहू सम्मेलन के तहत महिला थाना मिशन शक्ति टीम द्वारा सिद्धार्थनगर थानाक्षेत्र के ग्राम गूदराही में बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति, सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं व महिला अपराध, साइबर जागरुकत व अपना बचाव कैसे किया जाए सेल्फ़ डिफ़ेंस के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 06/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौरयान तथा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती भाग्यवती पांडे के कुशल नेतृत्व में ग्राम- जगदीशपुर, थाना सिद्धार्थनगर में जाकर महिलाओं को जागरूक किया गया और नए क़ानून की जानकारी देने के साथ साथ सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न हेल्पलाइन नंबर * जैसे कि-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इसके साथ ही मौक़े पर अपना बचाव कैसे किया जाए सेल्फ़ डिफ़ेंस करके दिखाया गया।

**मिशन शक्ति टीम का विवरण---**

01.उ0नि0 राम नारायण शुक्ला
02.म0हे0 का0 रीना रावत
03.म0का0 शिवानी सिंह
04.पी0आर0डी0 अनारमति

## प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0(ii) के तहत महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा 13 जोड़ों के बीच मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ विदा किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय के नेतृत्व में महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र द्वारा पारिवारिक विवादों के निस्तारण एवं परिवारों को बिखरने से बचाने हेतु निरंतर प्रभावी काउंसलिंग की जा रही है। आज दिनांक 06.09.2026 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा 13 परिवारो को एक साथ विदा किया गया। निम्न परिवारो को बिखरने से बचाने मे प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय व काउंसलिंग टीम मे महिला म0हे0का0 आशा गौंड, म0हे0आ0 रीना रावत, म0आरक्षी प्रियंबदा सिंह, म0आ0 संगीता, म0आ0 शिखा खरवार, म0आ0 शिवानी सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

1- रीना पत्नी अनिल साकिन भीमापार थाना व जनपद सिद्धार्थनगर
2- बंदना पत्नी बाबूराम साकिन महुवरिया थाना व जनपद सिद्धार्थनगर
3- अंकिता पत्नी शनि आनंद साकिन नौगढ़ थाना व जनपद सिद्धार्थ नगर
4- उषा पत्नी अजय सा0 पिपरा मन्नैतापुर थाना बेलहा जनपद संतकबीरनगर
5- नूरसना पत्नी हनीफ सा0 डोकम अमया थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर
6-अंजनी पत्नी राम आशीष ग्राम सौराहा थाना बखिरा जनपद संत कबीर नगर
7-संजीरू पत्नी महेश ग्राम सनी थाना व जनपद सिद्धार्थनगर
8- रोली पत्नी राज गुप्ता ग्राम सुभाष नगर थाना व जनपद सिद्धार्थनगर
9- रुबीना पत्नी वारिस अली ग्राम हयात नगर थाना बासी जनपद सिद्धार्थ नगर
10 -अंजली पत्नी अमन ग्राम सेमरिया थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर
11 -मनीषा पत्नी बृजेश ग्राम थाना जनपद सिद्धार्थनगर
12 -आशिया खातून पत्नी समीम ग्राम थूम्हुआ बुजुर्ग थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
13 -निर्मला पत्नी देवकीनंदन ग्राम सेकुईया थाना जनपद सिद्धार्थनगर

## प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, अनन्त चतुर्दशी व जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में मय दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 06.09.2026 को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, अनन्त चतुर्दशी व जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टीगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में मय दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढेबरुआ पुलिस व एसएसबी टीम के साथ सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा कस्बा बढ़नी में पैदल गश्त किया गया।**

आज दिनांक 06.09.2026 को प्रशान्त मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढेबरुआ पुलिस व एसएसबी टीम के साथ सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा कस्बा बढ़नी में पैदल गश्त किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। इस दौरान दुर्गा प्रसाद प्रभारी निरीक्षक थाना ढेबरुआ व थाना ढेबरुआ व एसएसबी के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपद मे ओवरस्पीडिंग के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओ मे मृतकों की संख्या को न्यून किये जाने हेतु ओवरस्पीड में चल रहे वाहनों पर लगाम लगाने हेतु यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेलकों को किया गया जागरुक तथा नियमो के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजकुमार सिंह के निर्देशन में, प्रभारी यातायात अजय कुमार सिंह यादव के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर में सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की घटनाओं में कमी लाने तथा तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात कार्यालय को प्राप्त 02 नवीन दोपहिया इंटरसेप्टर  के माध्यम से जनपद के विभिन्न मार्गों पर ओवरस्पीड से वाहन चलाने वाले चालकों की निगरानी की जा रही है तथा निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी चालान एवं अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराना तथा आमजन में सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देना है। आज दिनांक 06.09.2026 को ओवरस्पीडिंग मे चल रहे कुल 34  वाहनों के चालान एवं हेलमेट न लगाने, रॉग साइड वाहन चलाने, फाल्टी न. प्लेट सहित विभिन्न धाराओं मे कुल 67 वाहनों के चालान किये गए  है |

यातायात पुलिस, सिद्धार्थनगर ने जनपदवासियों से अपील की है कि निर्धारित गति सीमा का पालन करें, यातायात नियमों का सम्मान करें तथा स्वयं एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# प्रेस नोट दिनांक 06.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा थानाध्यक्ष मिश्रौलिया के साथ थाना क्षेत्र मिश्रौलिया में पटाखा दुकानों का संयुक्त निरीक्षण कर लाइसेंस एवं सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आगामी त्यौहार के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा रामदेव थानाध्यक्ष मिश्रौलिया के साथ आज दिनांक 06.09.2026 को थाना मिश्रौलिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महुई में स्थित पटाखा की दुकान का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानदार श्री उस्मान अली पुत्र अबुबकर  निवासी ग्राम महुई थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के पटाखा विक्रय हेतु निर्गत लाइसेंस/अनुज्ञप्ति एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का अवलोकन किया गया, जो नियमानुसार सही एवं वैध पाए गए। साथ ही दुकान पर पटाखों के सुरक्षित भण्डारण, अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं एवं अन्य निर्धारित सुरक्षा मानकों का जायजा लिया गया। पुलिस टीम द्वारा दुकानदार को निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन करने, ज्वलनशील सामग्री से पर्याप्त दूरी बनाए रखने तथा अग्निशमन उपकरणों को कार्यशील अवस्था में रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि बिना वैध लाइसेंस पटाखों का विक्रय, निर्धारित क्षमता से अधिक भण्डारण अथवा सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी दशा में न की जाए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।